राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 90 | नूंह, मंगलवार 31 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

## एक नजर

### मंडी में पहाड़ से टैक्सी पर गिरा बड़ पत्थर, मुंबई की महिला की मौत

**शिमला** । हिमाचल प्रदेश के मंडी में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक परिवार को ले जा रही टैक्सी पर पहाड़ से बड़ा पत्थर गिरा, जिससे महिला पर्यटक की मौत हो गई। घटना चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग पर मंडी के 4 माइल के पास घटी। टैक्सी में मुंबई का परिवार सवार था, जो छुट्टी मनाने हिमाचल आया था।मंडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने बताया मृतक महिला का नाम प्रिया है, जबकि पति और टैक्सी चालक घायल हैं। बताया जा रहा है कि परिवार छुट्टी मनाने मनाली आया था और रविवार को वापस मुंबई लौट रहा था, तभी 4 माइल के पास पहाड़ से गिरे पत्थर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के पास निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे पत्थर सड़क पर गिरा।

### हमीरपुर में दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत, टक्कर के बाद लगी भीषण आग

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां पेट्रोल पंप पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ट्रकों में भीषण आग लग गई। मामला सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 34 पर स्थित पेट्रोल पंप का है। बताया जा रहा है कि सुमेरपुर मंडी के पास दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हुई। इस दौरान दोनों ट्रकों में अचानक आग लग गई।

दोनों ट्रकों के चालक व परिचालक ट्रक के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दे दी गई है। सर्किल ऑफिसर राजेश कमल ने कहा, ÷सुमेरपुर मंडी के निकट दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उसमें आग लग गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं और आग पर काबू पा लिया गया है। एक ट्रक चालक के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है, इसके लिए बचाव अभियान जारी है।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से 3 दिवसीय यात्रा पर कतर जाएंगे

**नई दिल्ली** । विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार से कतर की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे. जहां वह समग्र द्विपक्षीय संबंधों, विशेषकर व्यापार, निवेश, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे. इससे पहले सितंबर में उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात की

# पीएम के डिजिटल महाकुंभ के विजन को सीएम कर रहे साकार

**महाकुंभ नगर ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल महाकुंभ के विजन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ 2025 में साकार कर रहे हैं। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद महाकुंभ नगर को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। महाकुंभ 2025 में पहली बार मेला को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है।

महाकुंभ भूमि एवं सुविधा आवंटन की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाओं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है, जिससे ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदक अपनी जमीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है।

कुंभ 2019 में 5,500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का डिजिलाइजेशन किया गया है। इस बार पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु-संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है।

महाकुंभ सनातन के धार्मिक अनुष्ठानों का महायज्ञ है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। वहीं, लाखों लोग महाकुंभ के दौरान कल्पवास करेंगे।

अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला के लिए 25 सेक्टर में फैले 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है।

सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई-रिज़ॉल्यूशन के नक्शे, जीआईएस बेस लेयर और 0.5 सेमी की एक्यूरेसी के साथ जियो-रेफरेंस कोड फाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं, थाने, चौकियां, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, अस्पताल, पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग ज़ोन, शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि शामिल हैं।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पारदर्शिता बरतने और सभी को अवसर देने के लिए जो संस्थाएं कुंभ 2019 में मेला का हिस्सा रहीं हैं, उनके भी आवेदनों को स्वीकार किया है। इसके लिए मेला प्राधिकरण ने स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार किया है और पोर्टल पर 29 अक्टूबर 2024 से 12 नवंबर 2024 तक आवेदन प्राप्त किए।

भूमि और सुविधा आवंटन के लिए कुंभ 2019 के डेटा का विश्लेषण किया गया और जमीन आवंटन के लिए तय नियमों के अनुसार कार्य किया गया। आवेदनों के

### घने कोहरे की ओट में छिपे कई शहर

**नई दिल्ली** । पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है। सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ा रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने आज कई राज्यों में बादल छाए रहने के साथ घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में रविवार को बर्फबारी और बारिश से थोड़ी राहत मिली। कश्मीर घाटी में अभी भी तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है।मौसम ठीक होने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा नवयुग सुरंग पर यातायात बहाल कर दिया गया। साथ ही श्रीनगर में विमान और रेल सेवा शुरू हो गई।उत्तराखंड में सड़कों पर बर्फ की मोटी चादर बिछी होने से 8 मार्ग अवरुद्ध हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं।

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे कई शहरों का तापमान 3-4 डिग्री तक गिर सकता है, जिससे शीतलहर की स्थिति बन सकती है।राजस्थान के कई जिलों में आज शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

#### हर साल बहराइच की

### 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे योगगुरु स्वामी रामदेव



**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योग गुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वह आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे।

बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योग गुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले के उत्पादों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योग गुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है।

## मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है; भाजपा ने दिया जवाब




अखिलेश यादव बोले

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है।यादव के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, 2013 में उन्होंने (यादव ने) 1,000 टन सोना निकालने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया था। वह सोना निकालने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें शिवलिंग से दिक्कत है। इसीलिए वह मुख्यमंत्री आवास की खुदाई की बात कर रहे हैं।

लखनऊ में अखिलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था, भाजपा सरकार अपनी विफलता छिपाने और जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जगह-जगह खुदाई करवा रही है। हमारा मानना है कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी एक शिवलिंग है। वहां भी खुदाई होनी चाहिए। निर्दोष लोगों के घरों को अवैध रूप से बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है। यह विकास नहीं बल्कि विनाश है। मुख्यमंत्री के हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखा है।

संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए स्थानीय कोर्ट के आदेश के बाद हिंसा शुरू हो गई थी, जिसमें कुछ युवकों की मौत हुई है।इसके बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से यहां खुदाई अभियान चलाया जा रहा है और अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ बुलडोजर चल रहा है।अधिकारियों ने पिछले सप्ताह कोट पूर्वी स्थित प्राचीन मृत्यु कूप (मृत्यु का कुआं) का जीर्णोद्धार और उत्खनन कार्य शुरू किया है।

### नए साल में जाम से बचाने के लिए नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली/नोएडा** । नए साल का जश्न 31 दिसंबर को दोपहर बाद से शुरू हो जाता है. एनसीआर में करीब एक से डेढ़ लाख लोग जश्न मनाने के लिए इकट्ठा होते है. इसे देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है. बताया कि गया 31 दिसंबर और 1 जनवरी को सड़क पर पार्किंग नहीं होने दी जाएगी और सिर्फ बहुमंजिला पार्किंग में ही वाहन खड़े कर सकेंगे. वहीं सेक्टर-18 और आसपास के स्थानों पर लोगों को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने तैयारी कर ली है. इसके तहत सेक्टर-18 में सिर्फ तीन रास्तों से ही प्रवेश दिया जाएगा और बाकी रास्तों से लोग बाहर आ सकेंगे. यह व्यवस्था 31 दिसंबर को दोपहर तीन बजे से देर रात तक लागू रहेगी. यहां पर व्यवस्था संभालने के लिए करीब 25 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे.

डीसीपी लखन यादव ने बताया कि सेक्टर-18 के अलावा शहर में जीआईपी, गार्डन गलेरिया, डीएलएफ, सेंटर स्टेज, लॉजिक्स, मोदी मॉल और मुख्य बाजारों के आसपास यातायात को लेकर सर्वे किया गया।

#### दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल का एक और बड़ा दांव

## पुजारी-ग्रंथियों को मिलेंगे 18,000 रुपये

**नई दिल्ली ,एजेंसी।**




दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और बड़ा दांव चला है।केजरीवाल ने सोमवार को पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत हर पुजारी और ग्रंथी को हर महीने 18,000 रुपये नकद दिए जाएंगे।केजरीवाल ने कहा कि योजना की शुरुआत मंगलवार 31 दिसंबर से होगी। उन्होंने भाजपा से अपील की कि पुजारी और ग्रंथियों की योजना को न रोकें।

केजरीवाल ने बताया, योजना का पंजीकरण कल से शुरू होगा। इसका शुभारंभ करने के लिए कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाऊंगा और वहां के पुजारियों का पंजीकरण करूंगा। इसके बाद दिल्ली के सभी मंदिर और गुरुद्वारों में हमारे विधायक, उम्मीदवार और कार्यकर्ता पुजारियों और ग्रंथियों का पंजीकरण करेंगे। मेरी भाजपा से हाथ जोड़कर विनती है महिला सम्मान और संजीवनी योजना की तरह पुजारी और ग्रंथियों की योजना रोकने की कोशिश न करें, उससे उनको बड़ा पाप लगेगा। केजरीवाल महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी योजनाओं का ऐलान कर चुके हैं, जिसे वे चुनाव जीतने के बाद लागू करेंगे।केजरीवाल ने वादा किया कि उनकी 2025 में जीतने पर उनकी सरकार महिला सम्मान राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करेगी।इसके अलावा 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को संजीवनी योजना के तहत किसी भी बीमारी का इलाज दिल्ली के किसी भी निजी-सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त मिलेगा।इसके अलावा 24 घंटे नल से शुद्ध पानी मिलेगा।

### दिल्ली के इमामों का केजरीवाल को अल्टीमेटम

#### साजिद रशीदी ने कहा-वेतन नहीं मिला तो धरने पर बैठ जाएंगे

**नई दिल्ली** । दिल्ली में पिछले 17 महीनों से इमामों को वेतन नहीं मिलने का मामला गंभीर होता जा रहा है. इस विषय को लेकर दिल्ली वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली मस्जिदों के इमामों ने अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर धरना देने की बात कही है. इमामों का कहना है कि वे पहले भी अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया।

इमामों ने कहा कि हमें सिर्फ मिलने का समय दे दीजिए. हम चाहते हैं कि हमारी तनख्वाह हमें वक्त पर मिलने लगे. अगर हमारी तनख्वाह नहीं मिलती है, तो हम यहीं पर धरने पर बैठ जाएंगे. इससे पहले इमामों ने गुरुवार और फिर शनिवार को भी अरविंद केजरीवाल मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा था।

दिल्ली के इमामों की इस समस्या ने एक नई दिशा ले ली है, क्योंकि वे अब ठान चुके हैं कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो वे धरने पर बैठकर अपनी आवाज उठाएंगे।

### बीपीएससी आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा

#### भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर अत्याचार का प्रतीक

**नई दिल्ली** । कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को पटना में छात्रों को कथित रूप से प्रताड़ित करने के लिए बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की आलोचना की।

बीते रविवार को पटना पुलिस ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और उन पर पानी की बौछार की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया।

परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

## बजट 2025-26 : एसोचैम ने एमएसएमइ के लिए क्रेडिट फ्लो बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।**



एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने सोमवार को कहा कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) को और सशक्त बनाने और व्यापार में आसानी के लिए इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर टाउनशिप और यूनिवर्सिटी बनाने की जरूरत है। ताकि स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग को प्रमोट किया जा सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ अपनी बजट पूर्व बैठक में, व्यापार चैंबर ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों की मांग की। चैंबर ने एमएसएमई और न्यू एज बिजनेस जैसे डेटा सेंटर, डेटा होस्टिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग के लिए अनुमानित कराधान के दायरे को बढ़ाने की मांग की।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर के अनुसार, इससे पूर्व निर्धारित आधार पर आय की गणना कर ऐसे करदाताओं के हाथों में अनुपालन को सरल बनाने में मदद मिलेगी, जिससे कर विवाद और मुकदमेबाजी को लेकर कमी आएगी।

नायर ने कहा,यह व्यवसायों को एडवांस में कर देयता को जानते हुए जटिल ऑडिट/बुककीपिंग से बचने में सक्षम बनाता है, जिससे व्यवसायों को बेहतर वित्तीय योजना और प्रबंधन करने में मदद मिलती है।÷

उन्होंने देश भर में एमएसएमई (पुराने औद्योगिक एस्टेट विकास कार्यक्रम का संशोधित संस्करण) के लिए इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर टाउनशिप डेवलप करने की जरूरत पर जोर दिया।

इन टाउनशिप में कॉमन टेस्टिंग और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधा केंद्र, वित्तीय संस्थान, कॉमन सर्विस प्रोवाइडर, श्रमिकों के लिए आवास, स्कूल, अस्पताल, श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र और निर्यात सहायता केंद्र आदि शामिल हो सकते हैं।

कोलेटरल फ्री लोन की नीति के बावजूद, एमएसएमई को अभी भी ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक अक्सर पर्सनल प्रॉपर्टी कोलेटरल की मांग करते हैं। इसके अलावा, बैंकों द्वारा उच्च ब्याज दर भी वसूली जाती है, जिससे ऋण तक पहुंच में बाधा आती है।

नायर ने कहा कि बैंकों के लिए समय-समय पर दिए गए कोलेटरल फ्री लोन की संख्या और राशि का खुलासा करना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

आगामी बजट में एमएसएमई को क्रेडिट फ्लो बढ़ाने के लिए अतिरिक्त आवंटन या शुद्ध प्रावधान किया गया है। यह ठीक उसी तरह हो सकता है जैसे कोरोना के दौरान माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) शुरू किया गया था, जो एमएसएमई के विकास को गति देने में अहम साबित हुआ।

#### बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर

## छात्र संगठनों का चक्का जाम, सड़क पर उतरे छात्र

**पटना ।**



बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, रविवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोमवार को कई छात्र संगठनों ने चक्का जाम की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद सोमवार को छात्र संगठन के लोग सड़कों पर उतरे, जिससे यातायात पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है।

अरवल में चक्का जाम समर्थक सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पटना में लाठी चार्ज के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस बंद में अभ्यर्थियों के अभिभावक भी सड़क पर उतरे।

प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे पटना औरंगाबाद एनएच 139 और अरवल -जहानाबाद एनएच 110 पर यातायात ठप हो गया।

बंद समर्थकों ने प्रश्नपत्र लीक होने की जांच की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने का कहना है कि संयुक्त छात्र मोर्चा ने चक्का जाम की घोषणा की है और हम आम लोग भी सड़क पर उतरे हैं। इधर, दरभंगा के लहेरियासराय स्टेशन पर आइसा के कार्यकर्ता पहुंचे और सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रोके रखा। प्रदर्शनकारी इंजन पर चढ़ गए।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवा राजद के महानगर राकेश नायक ने कहा कि हम लोग आज बिहार के नौजवान के आवाज और आंदोलन को बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरे हैं। बिहार के मुखिया नीतीश कुमार उनके आवाजों का दमन कर रहे हैं। यहां के नौजवान गरीब और किसान परिवार से आते हैं। यहां के शिक्षा माफियाओं के द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को जब अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान झड़प हुई और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज और ठंड में पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे हैं।

### बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज को लेकर राजभवन पहुंचे पप्पू यादव

राज्यपाल से की मुलाकात



**पटना** । बिहार में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज के मामले को लेकर सोमवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की।

राजभवन से निकलने के बाद सांसद पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उनकी बातों को सुना। उन्होंने बताया, राज्यपाल ने उनके सामने ही बीपीएससी चेयरमैन से बात की और जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को बुलाने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करने का भी भरोसा दिया है। बच्चों पर हुए लाठीचार्ज की जांच की बात भी की है।

# CM Cup Athletics, Wrestling competitions from today

- Two thousand athletes to attend
- Extensive arrangements were made under the auspices of the committees
- District Sports Youth Department Officer Gugulothu Ashok Kumar



Warangal, 30 December : The state level CM Cup athletics and wrestling competitions will start from 31st of this month. District Sports Youth Department Officer Gugulothu Ashok Kumar said that nearly 2,000 players from 33 districts are participating in the three-day competition at the local Jawaharlal Nehru Stadium. He said that the sportspersons participating in this competition will be provided accommodation in BC and ST hostels for girls, practicing school and Jawaharlal Nehru Stadium. He said that extensive arrangements have been made under the auspices of various committees for the successful conduct of the competitions without any inconvenience to the players. He asked the sportsmen of the city to make these competitions a success by watching sports fans in large numbers. Hanumakonda district collector took a special initiative and provided track suits to Hanumakonda district sportspersons like no other district in the state. Para Olympics bronze medalist Deepti Jivanji and international Agasara Nandini will be the special attraction in this competition. Arrangements have been made to hold the wrestling matches in the basketball court under flood lights. The Hanumakonda Stadium has become bustling with athletes from different districts of the state since Monday afternoon. The organizers provided CM Cup t-shirt to all the sportsmen participating in the competition under the auspices of the state sports authority.

# The Al-Baqee Organization released a special Postal Stamp on rebuild Baqee & thank Hon`ble PM of Bharat Narendra Modi Govt for approved a special Postal Stamp



Hyderabad - The Al-Baqee Organization Hyderabad Chapter Thanked Prime Minister of Bharat Shri Narendra Modi Ji & Union Minister Shri Jyotiraditya M Scindia, for approved Special Postal Stamp on REBUILD BAQEE S was Released today In Presence of Distinguish Guests Dr Mohd Ilyas Rizvi IFS, Moulana Syed Luqman Hussain Moosvi, Allama Aijaz Farooq, Moulana Syed Hyder Zaidi, Moulana Kamran Hyder, Moulana Shujja Ifteqari Moulana Syed Fiyaz Hussain, Dr Iftequar Badar, al Baqee (USA) Mr Mir Firasath Ali Baqri, BJP Former State Spokesperson Telangana Dr Naqvi, Mr Mir Abid Ali Baqri , Mr Syed Ali Hussain Zaidi, Mr Mir Raza Ali, Mr Mustafa Mr Shabbir & Mr Irfan.Reglious Organization Syed Qayam Hussain Jafferi / Presdent's Anjuman-e-Prawana Shabbir, Mr Mir Mehdi Ali Parvez, Grohe-e-Jaffery (Aga Abbasi) Mr Aga Tanveer Hyder Khurasani, Anjuman-e-Alamder Hussaini Mr Syed Ali Abbas Abedi, Mr Mir Mehdi Ali Baqri ( SNS) Hyderabad, Mr Wajahat Hussain, Mr Abuzer Kintoori (Grafh Agency) Lucknow & Many other Community elders were present on occasion at Hussainia Nawab Inayath Jung Bhadur, Mandi Mir Alam, Hyderabad.

# 46th Indian Geography Congress concludes



Bharat Samachar : Hyderabad, Dec 29: "Latest technological advancements in the space and remote sensing technology will be very useful for Geospatial technological applications," said Director of NRSC Dr Prakash Chauhan. Participating as the Chief Guest in the Valedictory of the three day 46th Indian Geography Conference organized by the Department of Geography in association with NAGI (National association of Geographers India) held in the auditorium of PGRRCDE ( Prof G. Ram Reddy Centre for Distance Education), Dr Prakash expressed confidence that with the development in technology, India would become a super power soon and job opportunities would increase for the younger generation. Session began with the presentation of an AV clip which covered all the activities of the three day event. Registrar of Osmania University Prof. G. Naresh Reddy, newly President elect of NAGI Prof. Kumaraswamy, Life Member of NAGI Prof. Salauddin, ,Prof. G. Prabhaker Reddy and Prof. A.K. Saha Secretary General of NAGI. Convenor & Chairman of the conference Prof. Ashok Kumar Lonavath and Organising secretary Asst. Prof. Dr. Akther Ali was also present on the Dias and felicitated the Chief guest, guests of honour and sponsors. Young geographer award was given to Sumathi Mohan of OU. Other award winners are Prof. Amit kumar of Varanasi and Dr. Sujatha Bhattacharya of Mumbai. Summing up with a brief report Convener and Chairman of the Congress Prof. Ashok Kumar Lonavath told that 194 papers were submitted, 231 delegates from 27 States registered for the congress. During the sessions 2 lead talks and 4 lectures were presented. Appreciating the students, volunteers and staff for their valuable support Prof. Ashok Kumar Lonavath thanked them. He also appreciated the significant contribution of Press Media (English daily) and Bharat Samachar group for the extensive coverage of the event in the capacity of Media partner. In this regard the organisers of 46th Geography Congress felicitated Mohammad Parveiz, Chairman and Managing Director of Press media and Bharat samachar group by presenting a memento besides a certificate of appreciation.

# Jaggareddy, former MLA, TPCC working president



As per the request of Telangana Chief Minister Revanth Reddy, Andhra Pradesh Chief Minister Chandrababu Naidu has given permission to MPs, MLAs and MLCs of Telangana for 4 times a week for TTD darshans. Telangana Chief Minister Revanth Reddy wrote a letter in this regard and AP CM Chandrababu Naidu wrote a letter accepting and approving the matter.It has become a respect for public representatives of Telangana people. It is also very convenient for the devotees. Also we request to approve the letters of former MLAs, MPs, MLCs in Telangana.In this regard, I am requesting AP Chief Minister Chandrabadu through the media. I will write a letter tomorrow and I will request Telangana government to write a letter through Chief Minister Revanth Reddy as well...AP CM Chandrababu Naidu is requested to take a special initiative in this regard.. Jaggareddy.

# Establishment of stall under Mepma



Warangal, 30 December : Under the auspices of Urban Poverty Alleviation Organization (MEPMA), a stall was set up on Monday in Hanumakonda district collectorate premises. DRO Y set up a stall to sell cotton dresses, shawls and cotton bags made by representatives of women's organizations under the auspices of Mepma. V. Ganesh, ZP CEO Vidyalatha and other officials visited. On this occasion, the members of the women's groups wished to achieve economic development. Mepma officials Rajitha Rani and others participated in this program.




Mr. Sajjad Ali, Assistant Secretary to Government Minorities Welfare Department met Chairman Telangana Haj Committee Maulana Syed Afzal Biyabani Khusro Pasha Saheb on being appointed as Executive Officer Telangana Haj Committee. Mohammed Mujeebuddin Member Telangana Haj Committee and Irfan Shareef Assistant Executive Officer also seen in picture.




Valima Dinner attend by BTS news & TV channel Managing Director Mohd Taufeeq (Journalist) with Mehboob Sahab (Journalist) and Advocate Manzoor Sahab, Police Department Md. Hussain Sahab and Civil Supply Deprtament Mr. Amjad Sahab also seen in this pic.

Pro Care Clinic Dara Market Musheerabad release a New Year Calendar 2025 with Dr. Waseem Sahab and Mr. Mohd Taufeeq BTS news & TV channel Managing Director Musheerabad.




# Srivari Vaikuntadwara Darshan in city Balaji temples on Jan 10

Hyderabad, Dec.30 (NSS): TTD Hyderabad AEO U. Ramesh has said the TTD was making extensive arrangements for providing New Year-2025 and Srivari Vaikuntadwara Darshan at Himayathnagar and Jubilee Hills temples to as many devotees as possible from January 10 to 12.Addressing media persons here today, the AEO said Vaikuntadwara Darshan commences from early hours of January 10 at 3.30 am and will conclude at 9.30 pm. He said special queue lines, barricades, drinking water will be provided at these counters. He urged the devotees coming to the temples to park their vehicles at the allotted places and cooperate to the traffic police personnel. Similarly on the 2025 New Year Day, all possible arrangements have been made for the visiting devotees, he added. As per Puranic legend, one day, i.e. duration in Vaikunta of Sri Maha Vishnu is considered as one year on the Earth.

## सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू, जल्द करें रजिस्ट्रेशन: उपायुक्त

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल कुंजपुरा में छठी और नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दाखिले के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए होगी और आवेदन प्रक्रिया शुरु हो चुकी है जो 13 जनवरी 2025 तक चलेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा कक्षा छठी और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए होगी। अंतिम सीट संख्या पास-आउट और नामांकित विद्यार्थियों की स्थिति पर निर्भर करेगी। कक्षा छठी के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में गणित, सामान्य ज्ञान, भाषा और बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर आधारित 300 अंकों की परीक्षा तथा कक्षा 9वीं की परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और बुद्धिमत्ता पर आधारित 400 अंकों की परीक्षा। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल कुंजपुरा रक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख संस्थान है जो मुख्य रूप से हरियाणा के लोगों को समर्पित है। इसमें 67 प्रतिशत सीट हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीट भारत के अन्य राज्यों के लिए है। इस स्कूल का प्राथमिक उद्देश्य कैडेट को हमारे देश के सशस्त्र बलों में अधिकारियों के रूप में एक शानदार करियर के लिए तैयार करना है।

## बीपुर गांव में 211 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच




मेवात न्यूज एक्सप्रेस

**नूंह।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के तहत बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) द्वारा सोमवार को बीबीपुर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह शिविर जिले में एनीमिया के खतरे से निपटने के लिए आयोजित किया गया था। नूंह जिले में एनीमिया खासकर महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों में देखते हुए यह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। संस्था के स्वास्थकर्मियो द्वारा बीबीपुर गांव में घर-घर जाकर नियमित खून की जांच की और अनिमिया से ग्रसित लोगो को संस्था द्वारा उचित सलाह के साथ स्वस्थ्य वर्धित दवाइयाँ, साथ ही आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए लोहे की कढ़ाही दी ताकि उसका इस्तेमाल खाना बनाने में किया जा सके। इसी क्रम में बीबीपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 211 लोगों की विभिन्न जाँचें कीं। ग्रामीण समुदाय के बीच एनीमिया की जांच और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लाभार्थियों के बीच मुफ्त दवाएं, पोषण किट, लोहे की कढ़ाही और प्रतिरक्षा-बूस्टर पैक वितरित किए गए। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस द्वारा किया गया। जिसमे जे.एन.राय, निदेशक परियोजना (बीएसजीएसएस) और स्थानीय जन आरोग्यम टीम के डॉक्टर मुन्नवर, मनीष, अकरम आदि चिकित्सा दल के सदस्य शामिल थे।

## पंजाब बंद के चलते रूट डायवर्ट, चंडीगढ़ आना-जाना नहीं होगा आसान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** सोमवार को पंजाब बंद के चलते चंडीगढ़ से हरियाणा और दिल्ली आना-जाना आसान नहीं होगा। बंद को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने चंडीगढ़ आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है ताकि वाहन चालकों को दिक्कतें न हों। हरियाणा पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी है। पंजाब बंद के चलते अंबाला से चंडीगढ़ जाने वाले वाहन अंबाला छावनी कैपिटल चौक से साहा, शहजादपुर, रामगढ़, पंचकूला होते हुए चंडीगढ़ जा सकेंगे। चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले वाहन पंचकूला, रामगढ़, बरवाला, शहजादपुर, मुलाना, राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-344 से होकर यमुनानगर, रादौर, लाडवा, इंद्री, करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली जा सकेंगे। इसके अलावा चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले वाहन पंचकूला, रामगढ़, शहजादपुर, साहा, शाहबाद, पिपली, करनाल से होकर भी दिल्ली जा सकते हैं। हिसार से चंडीगढ़ आने वाले वाहन बरवाला, नरवाना, कैथल, कुरूक्षेत्र, शाहबाद, साहा, शहजादपुर, पंचकूला होते हुए चंडीगढ़ पहुंचेंगे। हिसार से चंडीगढ़ आने वाले वाहन बरवाला, नरवाना, कैथल, पेहवा, ठोल, शाहबाद, साहा, शहजादपुर, पंचकूला होते हुए भी चंडीगढ़ पहुंच सकेंगे। चंडीगढ़ से हिसार जाने वाले वाहन पंचकूला, शहजादपुर, साहा, शाहबाद, कुरूक्षेत्र, कैथल, नरवाना, बरवाला होते हुए भी हिसार जा सकेंगे। दिल्ली से चंडीगढ़ आने वाले वाहनों के लिए दिल्ली, सोनीपत, करनाल, इंद्री, लाडवा या करनाल, कुरूक्षेत्र, उमरी चौक, लाडवा, रादौर, यमुनानगर एनएच-344ए, मुलाना, शहजादपुर, पंचकूला होते हुए चंडीगढ़ पहुंच सकते हैं।

## अंबाला में दो बसों को रैन बसेरा बनाया; गीले गद्दे, खुली खिड़कियों और कंबल भी नहीं



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** सर्दी का सितम बढ़ रहा है। रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। प्रशासन की ओर से बेसहारा और यात्रियों के लिए रैनबसेरों की व्यवस्थाएं की है। छावनी और शहर के रैनबसेरों की जब शनिवार देररात अमर उजाला टीम ने पड़ताल की तो परिणाम चौंकाने वाले थे। अंबाला कैंट बसेरे में पुलिस की टुकड़ी का ठहराव मिला और लोग बस शेल्टरों के नीचे सो रहे थे। अंबाला सिटी बस स्टैंड पर दो बसों में चल रहे बसेरे में गद्दे और कंबल तक नहीं थे। यहां तक कि फुटपाथ पर सोने वालों को जागरूक करने के लिए भी कोई कर्मचारी नहीं थे। सिटी के बस स्टैंड पर विभाग की ओर से दो बसों को रैन बसेरा बनाया है। शनिवार रात साढ़े आठ बजे अमर उजाला की टीम ने जब व्यवस्थाएं जांची तो देखा कि यहां खड़ी एक बस में न तो गद्दे बिछे हैं और औढ़ने के लिए कंबल है। ठंडी हवाओं को रोकने के लिए बस में लगी खिड़कियां तक टूटी मिली। दूसरी बस में गए तो वहां गद्दे तो बिछे थे लेकिन गीले थे। यहां तक कि किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी तक नहीं लगी है।

**खुले में सोने के लिए मजबूर हैं लोग**

शनिवार रात करीब नौ नौ शहर की कपड़ा मार्केट के पास और सिटी रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर कई लोग सोते नजर आए। इसके साथ ही बाजार में बंद दुकानों के बाहर लोग कंबल औढ़ते दिखाई दिए। ऐसे में रैन बसेरे का कोई लाभ दिखाई नहीं दे रहा है।

**कोई सोने के लिए नहीं आता: कृष्ण**

अड्डा इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि यहां पर दो बसों में इंतजाम किए गए हैं लेकिन अभी तक यहां पर कोई भी सोने के लिए नहीं आता है। सिटी बस अड्डे पर दो बसें लगाई हैं। कंबल और गद्दों की व्यवस्था की है। कई बार देखा जाता है कि लोग यहां पर सो के बहाने गद्दे और अन्य सामान चुरा लेते हैं। उधर, रेलवे अधिकारियों को भी पत्र लिखा है कि कोई भी बेसहारा कॉरिडोर के बाहर न सोए। समय-समय हमारी टीमें जाती रहती है और ऐसे लोगों को रैन बसेरों में सोने के लिए जागरूक करती रहती है। सिटी के सेवा सदन में

# स्वच्छता बढ़ाने के लिए हरियाणा में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में चलाया जाएगा विशेष अभियान- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के जरिये सार्वजनिक स्थानों और सरकारी विभागों द्वारा अपने- अपने कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता को स्वच्छता का भागीदार बनाया जाएगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्व जनिक उपक्रमों आदि समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी शामिल है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आगे बताया कि अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर विशेष फोक्स रहेगा।

**यह रहेगा तैयारियों के लिए खाका**

विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इसकी तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी तमाम गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आंकलन करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा।

**ऐसे होगा स्वच्छता का फोक्स-**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं और परियोजनाओं को लागू किया जाएगा। नोडल अधिकारी हाई-रिजॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एनआईसी द्वारा विकसित एक केंद्रीय निगरानी पोर्टल के माध्यम से अभियान की प्रगति को ट्रैक किया जाएगा। वहीं नोडल अधिकारी अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करते हुए इस पोर्टल को प्रतिदिन अपडेट करेंगे। अभियान की सफलता का मूल्यांकन करने के लिए जनता से प्राप्त प्रतिक्रिया का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सचिव नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करेंगे और समर्पित अधिकारी स्वच्छता प्रयासों का आकलन करने के लिए अभियान स्थलों का दौरा भी करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में समग्र कार्य परिवेश को बढ़ाना है। ताकि आमजन के संतुष्टि स्तर में सुधार हो। यह पहल स्थान अनुकूलन, रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वच्छता सुनिश्चित करके दक्ष और बेहतर सेवा वितरण की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## जिले के प्राथमिक विद्यालयों में शीतकालीन गृह कार्य के लिए सामुदायिक पी टी एम का किया आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक ने कहा कि शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बाल वाटिका से कक्षा 5 के बच्चों के लिए शीतकालीन गृह कार्य दिया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को घर के कार्यों से जोडना, उनमें संस्कारों को विकसित करना, बच्चों को परिवार और संस्कृति से जोडना है। उन्होंने कहा कि इसमें मां-बाप की अहम भूमिका रहेगी के लिए विभाग द्वारा गत 28 दिसंबर को विद्यालय के अंदर अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया था 37 प्रतिशत के आसपास अध्यापकों के प्रयासों से अभिभावकों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए जिला नूंह ने एक अनोखी मुहिम चलाई। जिसमें अध्यापक समुदाय के बीच में जाकर एक स्थान पर मां-बाप के साथ अभिभावक बैठक का आयोजन करेगा और जो मां-बाप के पी टी एम में 28 दिसंबर को विद्यालय नहीं पहुंच पाए अध्यापक उनसे 30 दिसंबर और 31 दिसंबर को समुदाय के बीच में ही शीतकालीन होमवर्क के बारे में चर्चा करेगा। उन्हें प्रेरित करेगा कि वह बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे ताकि सभी बच्चों को निपुण बनाया जा सके। सामुदायिक पी टी एम में शिक्षा सहायकों, एनजीओ ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

होमवर्क का उद्देश्य: बच्चों को घर के कामकाज और पारिवारिक गतिविधियों में शामिल करना, बच्चों को खानपान, सफाई, पौधों की देखभाल जैसे काम सिखाना। हरियाणवी लोकगीत और रीति-रिवाजों को समझाना।

अभिभावकों की भूमिका: अभिभावक बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं से परिचित कराएंगे।

स्कूल के टीचर्स बाद में अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर रिपोर्ट करने लेंगे।

संस्कृति और सामाजिक मूल्य: बच्चों को दादा-दादी और नाना-नानी की कहानियों से जोडना। पारंपरिक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा देना। जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक का कहना है कि यह पहल बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने और संस्कृति से जोडने की ओर एक कदम है। सामुदायिक पी टी एम से ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों तक अध्यापक पहुंच पाएंगे और इससे बच्चे के सर्वांगीण विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी। यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक जुड़ाव का एक शानदार प्रयास है।

## भाजपा पार्टी ने मौका दिया तो नगर परिषद का चुनाव अवश्य लड़ूंगी: कोमल जरावता



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** भाजपा आईटी सैल की प्रदेश सहप्रमुख कोमल प्रीत जरावता ने कहा कि अगर पार्टी ने उन्हें टिकट दिया तो पटौदी जाटौली मंडी नगर परिषद का चुनाव अवश्य लड़ेगी। उनका पेयजल, सीवर और साफसफाई पर पूरा फोकस रहेगा। वें भाजपा पार्टी की समर्पित कार्यकर्ता है। सोशल मीडिया, आईटी सैल की प्रदेश संजोयक और एनआरआई सैल की कार्यकर्ता रह चुकी है। एमएनसी कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर इंजिनियर कार्य करने के बाद अब वें पूर्ण रूप में भाजपा पार्टी के माध्यम से जनसेवा करेंगी। पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी उसको निभाएगी। उनके पिता पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता की जनसेवा की भावना को देखकर उनका रुझान भी जनसेवा की तरफबढ़ा। पटौदी जाटौली मंडी नगर परिषद की सीट आरक्षित है। यदि पार्टी उन्हें मौका देती है तो वें अवश्य चुनाव अवश्य लड़ेगी। पटौदी क्षेत्र के लोगो का जो प्यार उनके पिता सत्यप्रकाश जरावता को मिला वो उन्हें भी मिलेगा। पटौदी को आधुनिक बनाने के लिए काम करेगी। मेरा फोकस मुख्य रूप से पीने के पानी, सीवर और सफाई व्यवस्था पर रहेगा।

## साहिल ने पंचकूला से पहले दिल्ली में दो जगह की थी फायरिंग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** पिंजौर के मोरनी रोड स्थित सल्तनत रेस्टोरेंट के बाहर दिल्ली के रहने वाले विक्की, उसके भांजे तीर्थ और एक युवती की गोलियां मारकर हत्या करने से पहले साहिल सोलंकी उर्फ पोली ने एक ही दिन में दिल्ली में दो जगह फायरिंग की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन साहिल हाथ नहीं लगा। इस वारदात के बाद गैंगस्टर कालू ककरोलिया और साहिल ने पंचकूला में ट्रिपल मर्डर को अंजाम दिया था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि बीते छह नवंबर को दिल्ली के पश्चिम विहार में फायरिंग की दोनों घटनाओं में कालू शामिल नहीं था। बताया जा रहा है कि शूटर साहिल के दाएं हाथ की पहली उंगली कटी हुई है। वह बाएं हाथ से फायरिंग करता है। गैंगस्टर नंदू के भाई ज्योति बाबा से पूछताछ में अहम खुलासे हो सकते हैं। हालांकि, ज्योति बाबा अभी जेल में बंद है और उसके ऊपर मकोका लगा है।

दिल्ली में फायरिंग के बाद हुई थी दो गिरफ्तारी: बीते 6 नवंबर को पश्चिम विहार स्थित राज मंदिर हाईपर मार्केट के बाहर और द्वारका के छावला में वर्कशॉप के बाहर बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने टिकरी में मुठभेड़ के बाद प्रिंस और प्रवेश को गिरफ्तार कर लिया।

## शीत लहर व पाले से बचने के लिए एडवाइजरी की अनुपालना सुनिश्चित हो- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी शीत लहर व पाले के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है कि जिलावासी ठंड से बचाव करने के लिए पूरी एहतियात बरतें। मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें और बुजुर्ग व बच्चों का विशेषकर ध्यान रखें। रात्रि के समय बुजुर्गों व बच्चों को बाहर न निकलने दें। अगर आसपास कोई पड़ोसी जो अकेला रहता है, विशेषकर बुजुर्ग, उनका हाल-चाल जरूर पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालीन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध रहे। हरसमय गर्म व ऊनी कपड़े जरूर पहनें। सिर को ढ़ककर रखे व गर्म पानी नियमित रुप से लेते रहें। उपायुक्त ने जिला नूंह के सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग ठंड से बचाव के लिए अपने-अपने विभाग के संबंधित कार्यों व जिम्मेवारियों को पूरा करते रहें तथा अपने अधीनस्थ क्षेत्र में जीव-जंतुओं, पशुओं व लोगों के लिए ठंड से बचने संबंधी व्यवस्था पूर्ण करें। इस मौसम में हर वर्ष रैन बसेरे आदि चालू किए जाते हैं, उनका पहले की स्थिति के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करें। कोई भी व्यक्ति चाहे वह बेघर हो या अन्य, खुले में न सोएं। इस उद्देश्य के लिए वरिष्ठ अधिकारी शहरों, कस्बों, खासकर बस स्टैंड, अस्पताल आदि का निरीक्षण करते रहें। उपायुक्त ने सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का भी आह्वान किया है कि वे गरीबों और जरूरतमंदों, विशेष रूप से बेघर व्यक्तियों के लिए कंबल, ऊनी कपड़े, जूते, मोजे आदि का प्रबंधन करें। लोगों के साथ-साथ पशुओं का भी ख्याल रखा जाए। शीत लहर के दौरान जिला में फसलों, बागवानी, जंगल, पशुधन, मत्स्य पालन, जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, परिवहन, पर्यटन, अर्थव्यवस्था और आजीविका भी प्रभावित हो सकती है। शीत लहर के कारण घरेलू और जंगली जानवरों, पक्षियों, मुर्गियों आदि की मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है तथा बाहरी श्रमिकों, किसानों और पशुओं के लिए उचित योजना और पर्याप्त आश्रयों से ऐसी स्थितियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, बागवानी, विकास एवं पंचायत व राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की एडवाइजरी का अनुसरण अवश्य करें।

## जिला प्रशासन का एक ही ध्येय कोई भी फरियादी समाधान शिविर में शिकायत के निवारण के बिना न जाए वापस: उपायुक्त



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नूंह जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों पर संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त जिला मुख्यालय पर सचिवालय सभागार में प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करते हुए राहत पहुंचा रहे हैं, जिससे आमजन खुश हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का एक ही ध्येय है कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आकर कोई भी फरियादी अपनी शिकायत का बिना समाधान करवाए वापस न जाए। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला व उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में 06 शिकायतें प्राप्त हुई, समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए है। समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत, डीएसपी अजायब सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बस के टायर के नीचे सिर कुचलने से बाइक सवार की मौत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** सेक्टर-41/42 रोड पर रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। बस के टायर के नीचे सिर कुचलने से बाइक चालक की मौत हो गई। बस तरनतारण के पट्टी से चलकर बस स्टैंड सेक्टर-43 जा रही थी। मृतक की पहचान सेक्टर-37 निवासी संजीव (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने पंजाब रोडवेज के बस चालक के खिलाफकेस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बस को जब्त कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे जमानत पर छोड़ दिया। आरोपी गुरमीत सिंह तरनतारन का रहने वाला है। मौक पर मौजूद संजीव के कजन भाई श्रवण ने बताया कि मृतक के दो भाई और हैं। संजीव के परिवार वाले उसकी शादी के लिए लड़की देख रहे थे। मृतक के दोस्त अश्वनी ने बताया कि संजीव सेक्टर- 44 स्थित कनेक्ट कंपनी में काम करता था। संजीव का इंटरनेट कनेक्शन लगाने का काम था। वह सुबह करीब 11 बजे इंटरनेट का सामान लेकर अपने दोस्त को लेने के लिए कजहेड़ी जा रहा था। जब वह सेक्टर-41/42 डिवाइडिंग रोड पर चौक के नजदीक पहुंचा तो बस को पास में आता देख बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और गिर गया। उसका सिर बस के पिछले टायर के नीचे आ गया, जिसके चलते उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पीछे सीढ़ी होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई। जिस कारण से वह बस की चपेट में आ गया।

हेलमेट मजबूत पहना होता तो बच सकती थी जान

संजीव ने हेलमेट काफी हल्का पहना हुआ था। हेलमेट मजबूत पहना होता तो संजीव की जान बच सकती थी। उसके हेलमेट के परखच्चे उड़ गए। बस चालक तरनतारण से सुबह साढ़े 4 बजे चंडीगढ़ के लिए बस लेकर निकला था। चालक पिछले 16 सालों से बस चला रहा है।

## मैटी जयंती के उपलक्ष में ईएमए हरियाणा ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लिया ऐतिहासिक फैसला




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पंचकूला, (संदीप सैनी)।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन हरियाणा की मीटिंग हुई मीटिंग में संगठन के सभी पदाधिकारीयों ने भाग लिया प्रेसिडेंट डॉ. समुंदर सिंह श्योकन्द, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. तेजवीर सिंह चाहर, सेक्रेटरी डॉ. एल.एस. प्रेमी व जॉइंट सेक्रेटरी डॉक्टर सतीश कुमार, कैशियर डॉ कपिल पातलान व संगठन के एडवाइजर डॉ. कुलदीप खिलेरी डॉ. बिह्लू, डॉ सुषमा चौधरी सभी की अध्यक्षता में यह फैसला लिया गया की 11 जनवरी को मैटी जयंती के उपलक्ष में एक नई पहल का शुभारंभ किया गया जिसमें दिनांक 1-1-2025 नव वर्ष पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी का फ्री कैंप लगाया जाएगा जिसमें चेकअप से लेकर सभी दवाइयां फ्री दि जाएंगी इसी प्रकार से हरियाणा के सभी अलग-अलग शहरों में आने वाली 11 जनवरी तक इलेक्ट्रो होम्योपैथी के 11 फ्री कैंपों का पूरे हरियाणा में आयोजन किया जाएगा ईएमए प्रेसिडेंट डॉ.समुंदर सिंह श्योकन्द ने बताया कि डॉ. काउंट सीजर मैटी जी ने सन 1865 ई. में एक नया तथा दोष रहित चिकित्सा शास्त्र का निर्माण किया था। जिसका नाम इलेक्ट्रो होम्योपैथी रखा गया। इटली के इस डॉक्टर ने 114 पौधों से ऐसी दवाइयां तैयार करने की पद्धति प्रचलित की जो दुनिया भर में मशहूर हो गई और आज यह कई देशों में लोगों के लिए वरदान बनी हुई है। पूरे विश्व में व हर देश के हर राज्य में काफी चिकित्सक इस पद्धति में कार्यरत हैं। हम इस महान आत्मा के दिल से शुक्रगुजार हैं जिन्होंने हमें एक हानि रहित चिकित्सा पद्धति दी व इसके माध्यम से चिकित्सा जगत में कार्य करने का अवसर मिला । यह सभी दवाइयां पेड़ पौधों से तैयार की जाती हैं इन दवाईयों का हमारे शरीर पर किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं है यह दवाइयां आप किसी भी अन्य दवाइयों के साथ भी ले सकते हैं। कैंप में सभी प्रकार की बीमारियों का जैसे पैरालिसिस,स्किन एलर्जी, नजला, जोड़ो का दर्द, अस्थमा, गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी व अन्य असाध्य रोगों का इलाज भी किया जाएगा । जिसके लिए रोगी को इन नंबरों 8059853700 7814319527, 9541447000, 9312969136, 9812006686 पर कॉल करके अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा सकता है।

## जीएमसीएच की इमरजेंसी से हटेगा स्ट्रेचर, सेक्टर-48 अस्पताल में अब हर दिन चलेगी ओपीडी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के 16 दिसंबर को जीएमसीएच-32 और सेक्टर-48 अस्पताल के निरीक्षण के बाद दोनों ही अस्पतालों की बदहाल स्थिति तेजी से बदलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कॉलेज प्रशासन ने बदलाव की रूपरेखा तैयार करते हुए जारी किए गए आदेश में कहा है कि जीएमसीएच की इमरजेंसी में ट्रॉली पर मरीज भर्ती नहीं किए जाएंगे। वहीं, सेक्टर-48 के अस्पताल में हफ्ते के गिने-चुने दिनों की बजाय प्रतिदिन ओपीडी चलाई जाएगी। इतना ही नहीं दोनों अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सेक्टर- 48 के अस्पताल में जांच की सुविधा के साथ ही दवा की उपलब्धता में सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि अमर उजाला ने 23 नवंबर के अंक में करोड़ों का 100 बेड का अस्पताल चला नहीं, अब दो हजार बेड का नया बनाने की तैयारी शीर्षक के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासक ने 16 दिसंबर को जीएमसीएच और सेक्टर-48 अस्पताल का निरीक्षण कर स्थिति जांची थी। उस दौरान उन्होंने 48 के अस्पताल में नियमित ओपीडी चलाने के साथ ही सुविधाओं के विस्तार का निर्देश दिया था। वहीं, जीएमसीएच में स्ट्रेचर पर भर्ती मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने की व्यवस्था करने को भी कहा था। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने दोनों ही जगहों पर व्यवस्था सुधार के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है, जिसके अंतर्गत कई बदलाव किए जाएंगे। बता दें कि अमर उजाला ने सेक्टर-48 और जीएमसीएच की समस्याओं को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित की हैं, जिसमें इमरजेंसी में स्ट्रेचर पर भर्ती मरीजों की परेशानी, सेक्टर- 48 में जांच, दवा और ओपीडी की कमी के बारे में बताया गया है।

जीएमसीएच में होंगे ये बदलाव

-इमरजेंसी में भर्ती सभी मरीज जो प्रारंभिक उपचार के बाद स्थिर हो गए हैं, उन्हें 12 से 24 घंटे के भीतर उनके संबंधित वार्ड और स्पेशलिटी में ले जाया जाएगा।

- प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे तक इमरजेंसी से मरीजों को शिफ्ट करने/डिस्चार्ज करने के लिए उस क्षेत्र के एएनएस के साथ-साथ सभी स्पेशलिटी द्वारा सुबह का एक राउंड लिया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा अभियान मे शिद्दत के साथ डटे दिखाई दिये पंचकूला ट्रैफिक पुलिस से संदीप शर्मा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पंचकूला, (संदीप सैनी)।** हरियाणा में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वर्ष 2024 की शुरुआत मे ही फैसला लिया गया था की सड़क दुर्घटना के आंकड़ों मे कैसे कमी लाई जाए। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा जनवरी व फरवरी माह 2024 में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के आदेश जारी किये गए थे। जिसमे स्कूलों, बाजारों और समाज के हर प्लेटफॉर्म पर जाकर अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक करना व स्वयंसेवक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। सड़क सुरक्षा परिषद की हर माह मीटिंग कर जिला उपायुक्त को रोड़ सैफ्टी पर होने वाले अभियान की जानकारी मेरा भारत पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए थे। पंचकुला मे ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस जिम्मेवारी को खूब बेहतरीन तरीके से पूरा किया गया। पहले लोगों द्वारा कई बार ये आरोप लगते रहे हैं की ट्रैफिक पुलिस सिर्फ चालान करते हुए ही दिखाई देती है। लेकिन वर्ष 2024 के अंत तक लगातार पंचकुला ट्रैफिक पुलिस जागरूकता अभियान को बखूबी चलाते हुए सेवा सुरक्षा सहयोग पर खरा उतरकर सामने आई। इन सड़क सुरक्षा अभियानों में हरियाणा सरकार व पंचकुला ट्रैफिक पुलिस के इस लक्ष्य को शिद्दत के साथ पूरा करते दिखाई दिये ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी संदीप शर्मा।




पंचकुला ट्रैफिक पुलिस की टीम सदस्य के तौर पर संदीप शर्मा ने अगुवाई करते हुए पंचकुला जिला के क्षेत्र रायपुर रानी, बतौर, मोरनी, पिंजौर, कालका, मढ़वाला व शहर के स्कूलों मे जागरूकता अभियान चलाने के साथ -2 बाजारों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों मे जाकर रोड सैफ्टी, यातायात नियमो के बारे जागरूक करते दिखाई दिये। ऐसा पहली बार देखा गया की ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा फस्ट ऐड और आपदाओं से बचने के तरीके सिखाये गए हो। संदीप शर्मा बतौर अवैतनिक पी.सी. होमगार्ड विभाग से पंचकुला ट्रैफिक पुलिस मे तैनात है। संदीप शर्मा ने जहाँ पंचकुला ट्रैफिक पुलिस की इस पहल को सार्थक करने के साथ साथ अक्सर होमगार्ड जवानों की ट्रेनिंग व काबलियत पर उठने वाले सवालों पर बेहतरीन तरीके से अपनी योग्यता का उदाहरण पेश किया है। जहाँ सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना पर रोकथाम के लिए स्कूलों और समाज के हर तबके से स्वयंसेवकों को तैयार करने के लिए लक्ष्य रखा गया था उसको पूरा करते हुए दिखाई दिये पंचकुला ट्रैफिक पुलिस मे तैनात संदीप शर्मा।

# हाईवे व रेलवे ट्रैक जाम, दिनभर यात्री रहे परेशान, 150 ट्रेनें रद्द

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में सोमवार को किसानों ने अपने पंजाब बंद के आह्वान के तहत जगह-जगह प्रदर्शन किया, जिसका प्रदेश में व्यापक असर देखने को मिला। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान ने 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक को जाम किया। इस दौरान अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, फगवाड़ा व मोहाली में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे को भी धरने लगाकर किसानों ने जाम कर दिया। पठानकोट और जम्मू कश्मीर को जाने वाले रास्ते में पड़ते बॉर्डर क्षेत्र में कथलोर पुल को भी किसानों ने बंद कर दिया, जिस कारण पंजाब का जम्मू-कश्मीर से संपर्क कट गया। किसानों व व्यापारियों में बाजार बंद करने को लेकर लुधियाना में बहस भी हुई। यहां चौड़ा बुजार खुला रहा। इसी तरह परेशानी झेल रहे यात्रियों ने भी किसानों का विरोध किया और आरोप लगाया कि इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी लोगों को भी जाने नहीं दिया गया। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला। 140 जगहों रेलवे व हाईवे को जाम किया गया और 270 जगहों पर प्रदर्शन भी हुआ। किसानों के बंद की वजह से रेलवे ने वंदे भारत समेत 150 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और दर्जनों को री-शेड्यूल भी किया गया। देर शाम टिकट का रिफंड भी जारी कर दिया गया।

# एएसआई का तबादला, सिपाही सस्पेंड, एसएचओ को कारण बताओ नोटिस

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** सेक्टर-34 थाना पुलिस ने बीते 25 दिसंबर को एक इमिग्रेशन कंपनी के मालिक दंपती से मारपीट, महिला से छेड़छाड़ और पिस्टल दिखाकर धमकाने के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में एसएचओ ने तथ्य छिपाकर पुलिस अधिकारियों को केस की आधी अधूरी जानकारी दी। अब एसपी मंजीत श्योराण ने एसएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर तलब किया है, जबकि जांच अधिकारी को आईआरबी भेजने के साथ बीट बॉक्स में तैनात सिपाही कुलदीप को सस्पेंड कर पुलिस लाइन भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक इस मामले के जांच अधिकारी एएसआई जोगिंदर ने एसएचओ सतविंदर की अनुमति लेने के बाद केस दर्ज किया था। वरिष्ठ अधिकारियों को एफआईआर दर्ज होने के बाद पूरे मामले का पता चला, जबकि जांच अधिकारी ने इस मामले की सारी जानकारी एसएचओ को दे दी थी। वहीं, एसएचओ ने इस मामले में डीएसपी को पूरे तथ्य नहीं बताए। एसएचओ ने जानकारी दी कि महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की गई है। इसके बाद डीएसपी ने एफआईआर दर्ज कर करवाई करने के आदेश दिए लेकिन अगले दिन वरिष्ठ अधिकारियों ने जब डीएसपी जसविंदर सिंह से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्हें सिर्फ मारपीट और छेड़छाड़ के बारे में बताया गया था। इसके बाद एसपी मंजीत श्योराण ने एसएचओ सतविंदर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, जांच अधिकारी एएसआई जोगिंदर को आईआरबी भेज दिया। इसके साथ बीट बॉक्स में तैनात सिपाही कुलदीप को सस्पेंड कर पुलिस लाइन भेज दिया गया। यह पूरी घटना बीट बॉक्स के पास हुई। इमिग्रेशन कंपनी चलाने वाली गगनदीप शर्मा मदद के लिए बीट बॉक्स कुलदीप के पास गई थी। बीट बॉक्स से वापस आने के दौरान आरोपी लवप्रीत मान ने गगनदीप का रास्ता रोक लिया और छाती पर वार कर मुंह पर थप्पड़ जड़ दिया था। पुलिस को शिकायत देने के बावजूद आरोपी महिला को पिस्टल दिखाकर फरार हो गए थे। हैरानी की बात है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। वहीं, इस मामले में एसएचओ ने एसपी के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखा है।

# मंडलायुक्त आरसी बिढ़ान ने अधिकारियों केसाथ सफाई को लेकर की समीक्षा बैठक

- बैठक में ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत नियुक्त नोडल अधिकारियों से वार्ड वाईज सफाई व्यवस्था के बारे में ली जानकारी
- सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत वार्ड वाईज नोडल अधिकारियों से उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने सभी वार्ड नोडल एचसीएस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अगर किसी भी स्थान पर कूड़ा, मलबा, हॉर्टिकल्चर वेस्ट या पॉलीथीन आदि पड़ा है, तो उसका उठान तुरंत करवाएं, ताकि सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उन्होंने अल सुबह सफाई कराने का भी सुझाव बैठक में दिया। इसके साथ ही सभी एचसीएस अधिकारी सडक़ों, गलियों व सार्वजनिक स्थानों पर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्राईवेट स्थान पर भी कूड़ा पड़ा है, तो उसे भी उठवाएं। पॉलीथीन को उठाने के लिए उन्होंने कहा कि बीट वाईज 2-2 कर्मचारियों की ड्यूटी केवल क्षेत्र में फैली पॉलीथीन को उठाने के लिए लगाई जाए। उन्होंने जोन वाईज 50-50 कर्मचारियों की सभी संसाधनों सहित विशेष टीमें बनाने की बात भी बैठक में कही। मंडलायुक्त ने एक बार फिर कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सीएंडडी उठान का कार्य करने वाले इच्छुक लोगों को निगम के साथ एंपैनल किया जाए तथा उनकी दरें निर्धारित करके उन्हें लाइसेंस जारी किए जाएं। इनके अलावा, अगर कोई व्यक्ति अवैध रूप से सीएंडडी डंपिंग करता है, तो उसके वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की जाए। एंपैनल व्यक्ति के माध्यम से सीएंडडी उठान कराकर यह सुनिश्चित किया जाए कि सीएंडडी केवल निर्धारित स्थान पर ही डाला जाना चाहिए। बैठक में निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर 2 व 3 जनवरी को गुरुग्राम का दौरा करके सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे। इस दौरान वे सफाई कर्मचारियों तथा संसाधनों की रिपोर्ट भी तैयार करेंगे। नगर निगम द्वारा क्षेत्रवार नोडल अधिकारी व लाइजन ऑफिसर बना दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में कूड़े का ढ़ेर पड़ा हुआ नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला उपायुक्त अजय कुमार, अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह व महावीर प्रसाद सहित सभी वार्डों के नोडल एचसीएस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आधार सुविधा सुनिश्चित करें-डीसी

- 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु में बच्चों काआधार निशुल्क अपडेट सुनिश्चित करें अधिकारी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** जिला उपायुक्त अजय कुमार ने सोमवार को आधार कार्यों संबंधी त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जिले में आधार बायोमेट्रिक अपडेट का कोई भी कार्य पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आधार बनाने का कार्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर अधिक संख्या में किया जाए। जिला उपायुक्त ने कहा कि 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों का आधार अपडेट निशुल्क किया जाना चाहिए, जैसा कि नियमों में निर्धारित किया गया है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थान पर निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत आधार अपडेट के लिए शुल्क न लिया जाए और गलत आधार बनाने की कोई संभावना न हो। बैठक के दौरान जिला अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिले में कई स्थानों पर आधार बनाने और अपडेट करने का कार्य चलरहा है, जैसे कि क्रिड गुरुग्राम, महिला विभाग, जिला शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डाक विभाग, इंडिया पोस्टपेमेंट बैंक, सीएससी ई-गवर्नेंस, और बैंक में आधार संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में आधार बनाने और अपडेट करने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला उपायुक्त ने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से बच्चों के संबंधी आधार अपडेट कार्य अधिक संख्या में करने की अपील की। साथ ही कहा कि हर माह आधार अपडेट की जानकारी प्राप्त की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कार्य सही तरीके से हो रहे हैं। इस बैठक के माध्यम जिला उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें कि आधार संबंधी कार्य समय पर पूरा हो। बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. पवन, डीएम सीएससी विकास पुनिया, डीएसईओ विनोद वर्मा, आधार नोडल जिले सिहं, डिप्टी डीईओ अंशु सिंगला, डिप्टी लेबर कमिश्नर भगत प्रताप, सीपीओ महेंद्र सिंह, अनिल कुमार, लीड बैंक मैनेजर अशोक जुलाहा मौजूद रहे।



# चंडीगढ़ से अंबाला-दिल्ली जाने के लिए अपनाएं ये रूट, न कोई जाम, नहीं होगी परेशानी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** आज पंजाब बंद है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने मांगों के समर्थन में सोमवार सुबह सात से शाम चार बजे तक बंद का आह्वान किया है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों और यात्रियों को हो रही है। पंजाब में सभी जगह हाईवे बंद कर दिए गए हैं। हालांकि पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बंद का असर नहीं है। वहीं, यात्रियों को चंडीगढ़ से दिल्ली और हरियाणा जाने के लिए असुविधा हो रही है। क्योंकि चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे पर अंबाला और चंडीगढ़ के बीच लालड़ू, डेराबस्सी और जीरकपुर में किसानों ने हाईवे जाम कर दिया है। इस वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। ऐसे में अगर किसी को चंडीगढ़ से दिल्ली और हरियाणा जाना है तो इन रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि इन रास्तों पर कहीं भी ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं है। वहीं दिल्ली से चंडीगढ़ आने के लिए भी वैकल्पिक रूट बनाए गए हैं।



**चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए ये रास्ता**

वाहन चालक चंडीगढ़ से पंचकूला- रामगढ़- शाहजादपुर- मुलाना, यमुनानगर, रादौर, लाडवा, इंद्री, करनाल, पानीपत और सोनीपत होते हुए दिल्ली पहुंच सकते हैं। हालांकि यात्रा थोड़ी लंबी हो सकती है, लेकिन ट्रैफिक जाम परेशानी नहीं बनेगी।

**अंबाला से चंडीगढ़ के लिए रास्ता**

अंबाला से चंडीगढ़ आने के लिए वाहन चालकों को जीरकपुर होकर नहीं गुजरना होगा। आंबाला छावनी- साहा- शहजादपुर- रामगढ़ और पंचकूला से चंडीगढ़ पहुंच सकते हैं।

**दिल्ली से चंडीगढ़ आने के लिए ये है रूट**

दिल्ली से चंडीगढ़ आने के लिए पानीपत से करनाल होते हुए कुरुक्षेत्र- शाहबाद- साहा- शहजादपुर- रामगढ़ और पंचकूला पहुंचना होगा। इसके बाद चंडीगढ़ के लिए रास्ता खुला मिलेगा।

# समाज के आर्थिक विकास में अपना योगदान प्रदान करें बैंक अधिकारी- एडीसी हितेश कुमार

- बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित
- प्राथमिक क्षेत्र के विकास के लिए हर माह लक्ष्य निर्धारित करें बैंक
- किसानों, उद्यमी महिलाओं, कुशल युवाओं, पशुपालकों, अनुसूचित वर्ग व अंत्योदय परिवारों को समय पर मिलनी चाहिए वित्तीय सहायता

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** एडीसी हितेश कुमार ने कहा है कि गुरुग्राम जिला में स्थित सभी बैंक प्रबंधकों को समाज के आर्थिक उत्थान के लिए लक्ष्यों का निर्धारण कर अंत्योदय परिवारों, सीमांत किसानों व अनुसूचित वर्ग के परिवारों को स्वरोजगार तथा उन्नति के लिए ऋण प्रदान करने चाहिए। बैंकों का यह राष्ट्रीय कर्तव्य भी है कि वे देश के सामाजिक विकास में अपना सकारात्मक योगदान प्रदान करें। एडीसी आज रेस्ट हाउस के सभागार में बैंक अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक बठक को संबोधित कर रहे थे। केनरा बैंक के एलडीएम की ओर से आयोजित की गई इस बैठक में एडीसी हितेश कुमार ने कहा कि अधिकांशतः यह देखने में आया है कि बैंकों की ऋण देयता में तो बढ़ोतरी हो रही है, किंतु जिन लोगों को वास्तव में बैंक लोन मिलना चाहिए, उनके आवेदन लंबित पड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में बैंकों के उच्च पदस्थ प्रबंधकों को पत्र लिखकर रिपोर्ट ली जानी चाहिए। प्राइवेट बैंकों को प्राथमिक क्षेत्र को लघु ऋण प्रदान करने में और अधिक उत्साह दिखाना चाहिए। बैंक अधिकारी जरूरतमंद नागरिकों को ऋण देने में बिना वजह देरी ना करें, तभी समाज का समुचित विकास संभव होगा ।इसलिए बैंक प्रबंधन अपने सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए प्राप्त हुए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के लक्ष्य निर्धारित करे। इस बैठक में बताया गया कि विभिन्न बैंकों की जिला में 904 शाखाएं चल रही हैं। सितंबर 2024 तक इन बैंकों ने अपने कुल ऋण वितरण में से प्राथमिक क्षेत्र को 19.81 प्रतिशत लोन दिया है। जिसमें एक-एक बैंक की समीक्षा की गई तो उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। एडीसी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में किसानों को ट्रैक्टर, कृषि उपकरण आदि खरीदने के लिए ऋण दिए जाने चाहिए। इसी प्रकार एमएसएमई विभाग से स्वरोजगार आरंभ करने के इच्छुक युवाओं को उनके प्रोजेक्ट के अनुसार ऋण मिलने चाहिए, जिससे धरातल पर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हों। उन्होंने कहा कि अनुसूचित विं विकास निगम की ओर से निर्धारित किए गए टारगेट को पूरा करने के लिए सभी बैंक अधिकारी एक-एक आवेदन पर गंभीरता दिखाते हुए उनको स्वीकृति प्रदान करे। बैंकों की जिला स्तरीय बैठक में एडीसी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, डेयरी विकास, महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत अधिक से अधिक आर्थिक सहायता योग्य पात्रों को प्रदान की जाए। इस अवसर पर एलडीएम अशोक कुमार, केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्र सिंह तोमर, आरबीआई के जिला अधिकारी यश भारद्वाज, नाबार्ड के क्षेत्रीय प्रमुख विनय कुमार त्रिपाठी, कृषि विशेषज्ञ नवनीत कौर, पशुपालन विभाग से डा. सुरेंद्र सिंह, वित्तीय शिक्षक पुण्यपाल, दीपक शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।



# पंजाब में आज चार घंटे नहीं जाएंगी बसें, सीटीयू ने 37 बसों को किया रीशेडयूल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** पंजाब में सोमवार को घोषित बंद का असर सार्वजनिक परिवहन पर साफनजर आएगा। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) ने अपनी लोकल, सब-अर्बन और लॉन्ग रूट की 100 से अधिक बस सेवाओं में से 37 को रीशेडयूल कर दिया है। यह कदम पंजाब बंद के कारण संभावित असुविधा और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। परिवहन विभाग के निदेशक प्रद्युमन सिंह ने बताया कि पंजाब बंद की घोषणा को देखते हुए 37 बसों के रूट में मामूली बदलाव किए गए हैं ताकि सवारियों को बिना परेशानी उनके मंजिल तक पहुंचा सके। इसमें से पंजाब रूट पर चलने वालीं 15 बसें प्रभावित रहेंगी। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि जब बंद खत्म होता है तो सवारियों को तत्काल सेवा मुहैया कराई जाए। हालांकि सोमवार को बंद के दौरान हालात का आकलन करने के बाद अन्य बसों के संचालन पर भी फैसला लिया जाएगा।

सुरक्षा कारणों से बस ड्राइवरों और कंडक्टरों को सतर्क रहने की हिदायत बंद के दौरान सबसे ज्यादा असर उन रूट्स पर पड़ेगा जो पंजाब के विभिन्न जिलों से होकर गुजरती हैं। सुरक्षा कारणों से सीटीयू ने बस ड्राइवरों और कंडक्टरों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। शहर में आईएसबीटी-43 से पंजाब के कई जिलों में बसें जाती हैं और हिमाचल, दिल्ली व अन्य रूटों पर जाने वाली बसें भी पंजाब से गुजर कर जाती है। ऐसे में विभाग का कहना है कि वह बसों को बंद से समय से पहले और बाद में सेवाएं जारी रखेंगे। माना जा रहा है कि बंद का सीधा असर पंजाब और चंडीगढ़ के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। लोकल और सब-अर्बन रूट्स के साथ-साथ लॉन्ग रूट्स पर जाने वाली बसें भी इससे प्रभावित होंगी।

# हरियाणा में 15 एकड़ में बनेगा अत्याधुनिक नशा मुक्ति केंद्र, विभाग ने प्रस्ताव सरकार को भेजा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नशामुक्ति केंद्रों की व्यवस्था और उपलब्धता पर अमर उजाला की खबरों के बाद प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि वर्तमान केंद्रों की व्यवस्था जल्द सुधारी जाएगी। साथ ही एक विशाल व आधुनिक नशामुक्ति केंद्र खोला जाएगा। नशा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपचार के लिए केंद्रों में लाने का लक्ष्य है, इसलिए सरकार ने बड़े स्तर पर 15 एकड़ में नशा मुक्ति केंद्र खोलने की योजना तैयार की है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार करके केंद्र सरकार को भेजा है। यह केंद्र केवल दवाओं व योग से ही उपचार नहीं करेगा, बल्कि नशे के आदी हो चुके लोगों को एक ऐसा माहौल देगा कि उनकी सोच व जिंदगी ही बदल जाए। इसके लिए प्राकृतिक खेती करवाई जाएगी, इनडोर व आउटडोर खेल करवाए जाएंगे। पढ़ाई-लिखाई के लिए कम्प्यूटर लगेंगे। मनोरंजन के और भी साधन होंगे। इस तरह यह नशामुक्ति केंद्र एक तरह से व्यक्तित्व सुधार केंद्र होगा...देश में अपनी तरह का पहला। सरकार ने यह कदम अमर उजाला द्वारा चलाए गए अभियान युद्ध-नशे के विरुद्ध की खबरों को संज्ञान में लेते हुए उठाया है। खबरों में बताया गया था कि प्रदेश में नशा मुक्ति केंद्रों के हालात ठीक नहीं हैं। ज्यादातर जगह जिला अस्पतालों के कमरों में केंद्र चल रहे हैं जहां मरीज को दाखिल कर दवा दी जाती है। इसी प्रकार, अन्य सरकारी केंद्रों को वित्तीय कमी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं खबरों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ने 15 एकड़ का एक नया नशा मुक्ति केंद्र खोलने का प्रस्ताव तैयार किया है। पूरा प्रोजेक्ट बनाकर हरियाणा सरकार ने केंद्रीय समाज कल्याण मंत्रालय को भेज दिया है। इस समय प्रदेश में कुल 178 नशा मुक्ति केंद्र हैं। चरखीदादरी और पलवल को छोड़कर सभी जिला अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र हैं। इनके साथ ही 11 पुनर्वास केंद्र और 25 साइकेट्रिक होम भी शामिल हैं। केंद्रीय रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा के 16 जिले नशे की गंभीर चपेट में हैं। इनमें सबसे प्रभावित जिले सिरसा और फतेहाबाद हैं।

**नशा छुड़वाने को कराई जाएगी प्राकृतिक खेती**

प्रस्ताव के तहत योजना है कि पांच एकड़ में मरीजों से प्राकृतिक खेती कराई जाएगी। नुलाई, गुड़ाई से लेकर तमाम काम मरीजों से लिए जाएंगे, ताकि वे नशे की लत को छोड़कर दूसरे कामों में व्यस्त हो सकें। सब्जी के साथ-साथ फलदार पौधे भी लगाए जाएंगे। इनके अलावा, इनडोर और आउटडोर गेम भी प्रस्तावित हैं। साथ ही कंप्यूटर सेंटर भी खोला जाएगा, ताकि मरीजों को कंप्यूटर की जानकारी दी जा सके और वे बाहर कहीं पर भी अपना रोजगार कर सकें। इस बारे में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है। यह मंजूर होने के बाद जगह का चयन किया जाएगा।

# निगम चुनाव से संबंधित अपील 31 दिसंबर तक उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाएं-डीसी अजय कुमार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** डीसी अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम चुनाव की मतदाता सूची या बूथ बदले जाने से संबंधित मामलों को नागरिक समाधान शिविर में लाने की बजाय रिवाइजिंग अथॉरिटी के निर्णय के विरूद्ध अपील के तौर पर उपायुक्त कार्यालय में रखें। इन शिकायतों को सीधे एलएफए ब्रांच या उपायुक्त कार्यालय में जमा करवा दें। इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया जाएगा। लघु सचिवालय सभागार में आज जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए डीसी अजय कुमार के समक्ष कुछ शिकायतें नगर निगम के चुनाव से संबंधित पाई गईं। डीसी ने कहा कि नागरिक मतदाता सूची व बूथ से संबंधित शिकायतों को शिविर में रखने की बजाय मंगलवार 31 दिसंबर तक उपायुक्त कार्यालय में जमा करवा दें। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय में आने वाली अपील का तीन जनवरी तक निवारण कर दिया जाएगा। समाधान शिविर में आज 33 शिकायतों को सुना गया और इन सभी में डीसी ने विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सिलोखरा गांव साउथ सिटी निवासी अंकित सैनी ने शिकायत रखी कि उनके क्षेत्र में सड़कों की हालत जीर्ण-शीर्ण है तथा स्ट्रीट लाईटें भी खराब पड़ी हुई हैं। इस संदर्भ में एमसीजी को शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर डीसी ने एमसीजी के चीफ इंजीनियर को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। समाधान शिविर में बुजुर्ग आजाद सिंह कटारिया ने शिकायत रखी कि उनकी पैतृक जमीन से मुतल्लिक एक मामले में गुरुग्राम एसडीएम ने इंतकाल निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए थे। लेकिन आज तक इस इंतकाल को खारिज नहीं किया गया है। इस पर डीसी ने नायब तहसीलदार सुरेंद्र भारद्वाज हो यह म्यूटेशन कैंसिल करवाने के निर्देश दिए। गांव टीकली निवासी दिव्यांग महिला पूनम ने बताया कि उसका पति एक निजी शिक्षण संस्थान में सेवारत था। पांच महीने पहले उसके पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उसके बाद संस्थान ने ना तो उसे कोई रोजगार दिया और ना ही कोई आर्थिक सहायता प्रदान की। डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी व श्रम विभाग को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गांव इंछापुरी निवासी जितेंद्र ने बताया कि उनके घर के पास पानी निकासी के लिए कोई नाली नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या रहती है। जिस कारण अक्सर पड़ोस के परिवार से झगड़ा हो जाता है। इस मामले में ग्राम पंचायत की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। डीसी ने बीडीपीओ को तत्काल पानी निकासी के लिए व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय के सत्यापन, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, हरेरा, सीवरेज लाइन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि से संबंधित शिकायतों की भी सुनवाई की गई। इस अवसर पर एसीपी सुशीला, भूमि अधिग्रहण अधिकारी दीपक, सदर कानूनगो गुलाब सिंह, एईओ जगदीश अहलावत, कल्याण अधिकारी कमल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ मैनपाल, एटीपी कुलदीप इत्यादि उपस्थित रहे।




# 31 दिसंबर की रात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम... 10 डीएसपी, 16 एसएचओ समेत 1300 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर की रात को शहर में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। नए साल पर हुल्लड़बाजी को रोकने के लिए 10 डीएसपी, सभी 16 एसएचओ सहित 1300 पुलिसकर्मी शहर में तैनात किए जाएंगे, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, क्राइम ब्रांच और ऑपरेशन सेल के पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस ने क्लब संचालकों के साथ बैठक कर सख्त हिदायतें दी हैं कि क्लब में आने-जाने वाले व्यक्ति का पहचान पत्र चेक किया जाए। अच्छे से चेकिंग के बाद ही क्लब में एंट्री की जाए। किसी भी तरह की नुकीली चीज या हथियार क्लब में न जाए। पुलिस खुद क्लबों के बाहर तैनात रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें। फुटपाथ, साइकिल ट्रैक और मुख्य सड़कों पर वाहन पार्क न करें। नए साल 2025 की पूर्व संध्या पर ट्रैफिक पुलिस शहर में यातायात उल्लंघन के खिलाफएक विशेष अभियान भी चलाएगी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित किए जा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं वरना गाड़ी जब्त की जाएगी।

**शहर में लगेंगे 40 नाके, स्पेशल टीमें भी रहेंगी तैनात**

नए साल पर रात के समय ट्रैफिक पुलिस शहर इंटरनल और बाहरी 40 नाके लगाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने रात दो बजे तक सेक्टर- 7, 8, 9 और 10 के अंदरूनी बाजार, सेक्टर-10 में म्यूजियम और आर्ट गैलरी के सामने वाली सड़क और अरोमा लाइट पॉइंट से डिस्पेंसरी के छोटे चौक तक रात 10 बजे से प्रतिबंधित वाहन क्षेत्र घोषित कर दिया।

# iPhone 14, iPhone 14 Plus Tipped to Launch in New Yellow Finish Soon



iPhone 14 and iPhone 14 Plus powered by Apple A15 Bionic SoCs went official during the company's 'Far out' event in September last year. Now, a fresh leak suggests that the Cupertino giant is gearing up to unveil the handsets in a new Yellow finish. Apple's PR team is reportedly planning a product briefing next week and is speculated to announce a new iPhone colour option during the event. The iPhone 14 and iPhone 14 Plus are currently available in Blue, Midnight, Purple, Starlight, and Red shades. As per a recent Weibo post shared by the Japanese blog MacOtakara, iPhone 14 and iPhone 14 Plus will be made available in a new yellow colour in spring this year. Corroborating this rumour, a MacRumors report, citing sources, claims that Apple's PR team is planning a product briefing next week. The company is expected to unveil iPhone models in a new finish during the event. Both the iPhone 14 and iPhone 14 Plus models are currently available in Blue, Midnight, Purple, Starlight, and Red colour options. Lionel Messi Is Gifting a Gold iPhone 14 Pro to Each Argentina Squad Member In March last year, around six months after the original launch, Apple brought Green shades for the iPhone 13 series. Similarly, in April 2021, iPhone 12 and iPhone 12 mini were made available in Purple shade. If past practices are any indication, we can expect Apple to introduce a new colour to its iPhone 14 and iPhone 14 Plus lineup. iPhone 14, iPhone 14 Plus price and specifications Price of iPhone 14 in India starts at Rs. 79,900 and iPhone 14 Plus price starts at Rs. 89,900. As we know, iPhone 14 has a 6.1-inch Super Retina XDR OLED display, while the iPhone 14 Plus features a larger 6.7-inch Super Retina XDR OLED display. They are powered by Apple A15 Bionic SoC and are offered in three storage options — 128GB, 256GB, and 512GB. Here's How You Can Get a Refurbished iPhone 13 for as Low as Rs. 49,099 The iPhone 14 and iPhone 14 Plus sport a dual rear camera unit comprising a 12-megapixel wide-angle camera with an f/1.5 aperture lens and a 12-megapixel ultra wide-angle sensor paired with an f/2.4 lens with a 120-degree field-of-view. For selfies, they have a 12-megapixel shooter at the front. Further, they have IP68-rated build for dust.

# Google's Mental Health & Wellbeing Manager Loses Job After 10 Years Of Service




New Delhi: Ironic it may read but a mental health and wellbeing manager working at Google for the last 10 years, is among 12,000 people who were handed out pink slips in January this year. Writing on linkedIn, the UK-based Gaby Triess said she was "made redundant along with thousands of others" in January, but got "temporary protection during parental leave", and her role at Google ended only last week along with her "second mat leave". Powered By VDO.AI Play Unmute Fullscreen The temporary protection meant that she "had more time than others to process the shock", than others. "After 10 years at a company that has always given me so much, the redundancy email was a major plot twist." Triess noted she served several roles at the tech giant: "first Google Books, then Google Movies and TV, but most of all Mental Health & Wellbeing". "I'm proud to have played an active role in the company's wellbeing programme as I was on the receiving end countless times. I wouldn't be the person I am today without it." She thanked Google for "the opportunity to contribute, learn and grow at work, and live a healthy and inspired life beyond". Triess said that LinkedIn has become her "new favourite social channel", and that she has been doing courses and coaching, reading and researching the job market -- all while looking after a baby. by TaboolaSponsored LinksYou May Like Home loans made quicker by Tata Capital Tata Capital Dubai EMAAR Villa For Sale Price Might Surprise You. Dubai Villas | Search Ads It "has not been easy but now that he's one". Triess said she is clear on what she has to do next, even though her journey feels like "making clumsy moves on a dating app for the first time since coming out of a long-term relationship!" On January 20, Google CEO Sundar Pichai had confirmed in a letter to employees that about 12,000 people will be laid off globally, accounting for more than 6 per cent of the total workforce. In March, the tech giant informed its employees via an email that fewer of them will be promoted to more senior levels this year as compared to the past. It reportedly also indicated to ex-employees who were laid off while on maternity or medical leave that they will not be paid for the remainder of their time off. In April, in a memo, sent by Chief Financial.

# Nothing Phone (2) Vs OnePlus Nord 3: Let's See What Each Of Them Has To Offer




New Delhi: The stage is all set to see a ferocious battle between the OnePlus Nord 3, which is likely launching on July 5, and the Nothing Phone (2), expected on July 11. Not much information has been revealed for both smartphones, but they are highly anticipated. Let's see what each of them has to offer in their Pandora's box. OnePlus is expected to be cost about Rs 32,999 more or less while Nothing Phone (2) will probably start around Rs 49,999. Powered By VDO.AI OnePlus Nord 3 Expected Specification: TRENDING NOW OnePlus Nord 3 DISPLAY: Type: Fluid AMOLED, 120Hz, HDR10+ Size: 6.74 inches, 109.7 cm2 Resolution: 1240 x 2772 pixels, 20:9 ratio (~390 ppi density) Protection: Corning Gorilla Glass 5 OnePlus Nord 3 Processor: OS: Android 13, OxygenOS 13 Chipset: Mediatek MT6983 Dimensity 9000 (4 nm) OnePlus Nord 3 MEMORY: Card slot: No Internal: 128GB 8GB RAM, 256GB 8GB RAM, 256GB 16GB RAM OnePlus Nord 3 MAIN CAMERA: Triple Camera Setup: 50 MP, f/1.9, 24mm (wide) 8 MP, f/2.3, 120˚ (ultrawide) 2 MP, f/2.4, (depth) Features: Dual-LED flash, HDR, panorama Video: 4K@30fps, 1080p@30/60/120fps, gyro-EIS OnePlus Nord 3 SELFIE CAMERA: Single Camera: 16 MP, f/2.0, (wide) Features: Auto HDR Video: 1080p@30fps, gyro-EIS OnePlus Nord 3 FEATURES: Sensors: Fingerprint (under display, optical), accelerometer, gyro, proximity, compass OnePlus Nord 3 BATTERY: Type: Li-Po 5000 mAh, non-removable Charging: 80W wired MISC: Colors: Black (Other colors not specified) The Nothing Phone 2, the sequel of Nothing Phone, is a highly anticipated smartphone expected to be announced on July 11, 2023. by TaboolaSponsored LinksYou May Like Dubai EMAAR Villa For Sale Price Might Surprise You. Dubai Villas | Search Ads All you need to do is start planning. Get Mighty Here are the expected features Of Nothing Phone (2): Nothing Phone (2) Design and Display: The phone is rumored to feature a 6.7-inch OLED display with a resolution of 1080 x 2400 pixels and a 120Hz refresh rate. It is expected to have a sleek design with a glass front and back protected by Corning Gorilla Glass, along with an aluminum frame. The device may also come with multiple LED lights, which is known as Glyphs, on the back for notifications, charging progress, and a blinking red light as a video recording indicator. It is said to have an IP53 rating for splash, water, and dust resistance. Nothing Phone (2) Operating System and Performance: The Nothing Phone 2 is rumored to run on Android 13, possibly customized with Nothing OS. It may be powered by the Qualcomm Snapdragon 8+ Gen 1 chipset. The graphics processing is expected to be handled by the Adreno 730 GPU. Nothing Phone (2)

# How to lock incognito tabs in Chrome on Android and iOS




Google Chrome, unlike some other browsers, comes with several security features. It has features such as a password manager, safe browsing, and safety check. Also Read - How to make Google Chrome your default web browser on Windows PC, Mac, Android phone, iPhone Sometime back, Google also updated the app to make the Incognito experience better on smartphones. It introduced fingerprint/facial locking for Incognito tabs on the Chrome browser. With the help of fingerprint/facial lock, you can secure your private searches. Although this feature was accessible for some time, not many know about it. That said, in this article, we'll show how you can lock incognito tabs on Google Chrome on Android and iOS. How to fingerprint/facial lock Google Chrome's Incognito tabs Before we get started make sure you are on the latest version of Google Chrome. You can check if the app is updated on PlayStore/App Store. Once you are on the latest version of the app, follow the steps below. Android On Android, you'll first need to enable the reauthentication option. Step 1: Open Google Chrome on your Android device Step 2: Head to the flags page by entering the following URL – chrome://flags Step 3: Search Reauthentication for incognito in the search bar Step 4: Once you follow the third step, you should see 'Enable device reauthentication for Incognito.', tap on the Default option. Step 5: Select Enabled from the list of options and relaunch the app Step 6: Now, tap on the three dots in the upper right corner Step 7: Tap on Settings Step 8: Open the Privacy and Security tab Step 9: Turn on the 'Lock incognito tabs when you leave Chrome' option Now, whenever you close the app in between your surfing in incognito mode, all the incognito tabs will be locked with a fingerprint iOS If you are on iOS.

# LinkedIn introduces 'collaborative articles' powered by AI



Professional networking platform LinkedIn has introduced a new feature called — "collaborative articles", which will use "AI-powered conversation starters" to begin discussions between "experts" on the platform. The company will match articles with relevant members based on its skills graph, inviting them to contribute context, extra information, and advice for the articles. Also Read - LinkedIn crosses 100 million members milestone in India LinkedIn introduces 'collaborative articles' feature: How it works As per the official blogpost, "Collaborative articles are knowledge topics published by LinkedIn with insights and perspectives added by the LinkedIn community. These articles begin as AI-powered conversation starters, developed with our editorial team, but they aren't complete without insights from our members. A select group of experts have been invited to contribute their own ideas, examples and experiences within the articles." Just like any other post on the feed, users can share, react to, and save collaborative articles. Additionally, the company has clarified that only select users can contribute to the collaborative articles. As per the official statement, "LinkedIn identifies members who are likely to be experts in a certain topic based on their work experience, skills proficiency, and prior engagement on the platform. They must also meet high trust standards by adhering to LinkedIn's User Agreement and Professional Community Policies." Moreover, the company believes that the system will make it easier for people to contribute their perspectives because "starting a conversation is harder than joining one". People can respond to the experts' contributions with an "insightful" reaction. "The bodies of the articles are powered by AI, based on prompts created by and constantly refined by the company's editorial team," LinkedIn spokesperson Suzi Owens, was quoted as saying. The articles also include a note in which readers can request access to contribute by liking or reacting to this article. Last month, LinkedIn announced the "Focused Inbox" feature for a better messaging experience on the platform. The improved LinkedIn messaging experience will make it easier for members around the globe to find and respond to the messages that matter most,

# Twitter Chaos Over Tweet-Reading Limits Leaves Door Open for Meta's Rival Microblogging App Threads



Elon Musk spent the weekend further alienating Twitter users with more drastic changes to the social media giant, and he is facing a new challenge as tech nemesis Mark Zuckerberg prepares to launch a rival app this week. Zuckerberg's Meta group, which owns Facebook, has listed a new app in stores as "Threads, an Instagram app", available for preorder in the United States, with a message saying it is "expected" this Thursday. The two men have clashed for years but a recent comment by a Meta executive suggesting that Twitter was not run "sanely" irked Musk, eventually leading to the two men offering each other out for a cage fight. Twitter's Move to Limit Tweet Views Will Affect Users: Here's How Since buying Twitter last year for $44 billion (roughly Rs. 3,37,465 crore), Musk has fired thousands of employees and charged users $8 a month to have a blue checkmark and a "verified" account. PlayUnmute Fullscreen On the weekend, he limited the posts readers could view and decreed that nobody could look at a tweet unless they were logged in, meaning external links no longer work for many. He said he needed to fire up extra servers just to cope with the demand as artificial intelligence (AI) companies scraped "extreme levels" of data to train their models. Here's What Twitter's New CEO Said About the New Tweet-Reading Limits But commentators have poured scorn on that idea and marketing experts say he has massively alienated both his user base and the advertisers he needs to get profits rolling. In another move that shocked users, Twitter announced Monday that access to TweetDeck, an app that allows users to monitor several accounts at once, would be limited to verified accounts next month. John Wihbey, an associate professor of media innovation and technology at Northeastern University, told AFP that plenty of people wanted to quit Twitter for ethical reasons after Musk took over, but he had now given them a technical reason to leave too. And he added that Musk's decision to sack thousands of workers meant it had long been expected that the site would become "technically unusable". Remarkably bad Musk has said he wants to make Twitter less reliant on advertising and boost income from subscriptions. Yet he chose advertising specialist Linda Yaccarino as his chief executive recently, and she has spoken of going into "hand-to-hand combat" to win back advertisers. "How do you tell Twitter advertisers that your most engaged free users potentially will never see their ads because of data caps on their usage," tweeted Justin Taylor, a former marketing executive at Twitter. Mike Proulx, vice president at market research firm Forrester, said the weekend's chaos had been "remarkably bad" for both users and advertisers. "Advertisers depend on reach and engagement yet Twitter is currently decimating both," he told AFP. He said Twitter had "moved from stable to startup" and Yaccarino, who remained silent over the weekend, would struggle to restore its credibility, leaving the door open to Twitter's rivals to suck up any cash from advertisers. Open secret The technical reasons Musk gave for limiting the views of users immediately brought a backlash. Many social media users speculated that Musk had simply failed to pay the bill for his servers. French social data analyst Florent Lefebvre said AI firms were more likely to train their models on books and media articles than social network content, which "is of much poorer quality, full of mistakes and lacking in context". Yoel Roth, who stepped down as Twitter's head of security weeks after Musk took over,

# संपादकीय

## बिजली चोरी या फिर अवैध निर्माण जवाबदेही तय हो

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है? अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहेहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है। सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी-बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी। लेकिन ऐसे मुख्य बाजार और ऐसी मुख्य सड़क, जहां से अधिकारी रोज गुजरते हैं, पर भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से होते हैं। समझ से परे है कि ऐसे निर्माण पर अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जाता। जब ऐसी अवैध इमारतों में कोई हादसा हो जाता है, या इनकी शिकायत की जाती है तो अधिकारी तुरंत हरकत में आ जाते हैं। विपक्ष से जुड़े नेता की बिल्डिंग पर कार्रवाई होने में देर नहीं लगती। इसका सीधा सा अर्थ है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी जानबूझ कर अवैध निर्माण को प्रश्रय देते हैं, और जब अवैध निर्माण हो जाते हैं तो उन्हें ध्वस्त करने का डर दिखा कर उगाही की जाती है। आम तौर पर अवैध इमारतों के मालिकों को पहले नोटिस दिया जाता है। नोटिस देने के बाद ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाता है। लेकिन अक्सर नोटिस देने की प्रक्रिया में भी धांधली होती देखी गई है। कई लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इमारत गिराने से पहले उन्हें नोटिस नहीं दिया गया। किसी भी रूप से बिजली की चोरी की जाएगी या फिर अवैध निर्माण किए जाएंगे तो इसका असर समाज और अंततः देश पर ही पड़ेगा। ज्यों-ज्यों देश विकसित हो रहा है, त्यों-त्यों देश में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। हालांकि पहले की अपेक्षा देश में बिजली उत्पादन बढ़ा है, लेकिन किसी भी तरह से बिजली चोरी होती है तो इसका असर बिजली की कुल क्षमता पर पड़ता है। भले सरकार बिजली निर्माण के लिए कितने भी नये बिजलीघर लगा ले लेकिन बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी नहीं रोकी गई तो इन बिजलीघरों का पूरा लाभ देश को नहीं मिल पाएगा। ऐसा नहीं है कि गरीबी के कारण ही लोग बिजली चोरी करते हैं, बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी बिजली चोरी करती पकड़ी जाती हैं। पहले से ज्यादा शिक्षित समाज के कुछ लोगों को अवैध काम करने में न ही शर्म आती है, और न किसी तरह का डर होता है। अवैध काम करने के पीछे सारा दोष हमारी मानसिकता का है। इसी मानसिकता के चलते पहले हम गलत काम करते हैं, और बाद में रित देकर गलत काम को वैधता प्रदान करने की कोशिश करते हैं। कोढ़ में खाज यह कि प्रशासन और संबंधित कार्यालय पहले हाथ पर हाथ रख कर बैठा रहता है, और बाद में खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश करता है। यही कारण है कि इस सारी व्यवस्था में दोनों पक्ष यानी जिन पर कार्रवाई होती है, और जो कार्रवाई करते हैं, कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के सागर में गोते लगाते नजर आते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि बिजली चोरी और अवैध निर्माण करने वालों पर तो कार्रवाई हो जाती है, लेकिन संबंधित विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। बेहतर तो यह होगा कि ऐसे मामलों में विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की भी जवाबदेही तय हो। उनसे पूछा जाए कि जब इस तरह के अवैध काम हो रहे थे तो वे कहां थे। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया से एक बेहतर व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।

## स्मृति शेषः भारत को दोबारा इतना शिक्षित, सरल और सौम्य प्रधानमंत्री मिलना नामुमकिन

